**20 जनवरी 2018 को बेंगलुरू में आयोजित केनरा बैंक सेवानिवृत्त कर्मचारी संगठन के दूसरे अखिल भारतीय सम्मेलन में माननीय लोक सभा अध्यक्ष का भाषण**

1. मुझे आज *Canara Bank Retired Employees Organization (CBREO)* के दूसरे अखिल भारतीय सम्मेलन के अवसर पर भारत के Garden City बेंगलुरू में आकर बहुत खुशी हो रही है।

2. सबसे पहले मैं आपको एवं आपके परिवार के सभी सदस्यों को नव वर्ष, मकरसंक्रांति एवं गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देती हूँ। मैं कामना करती हूँ कि आने वाला समय आपके लिए अच्छा स्वास्थ्य, प्रसन्नता और समृद्धि लेकर आए।

3. CBREO, 2012 की विजयादशमी को अपनी स्थापना के बाद से निरंतर केनरा बैंक के सेवानिवृत्त कर्मचारियों के कल्याण संबंधी कार्य कर रहा है। विगत वर्षों के दौरान CBREO के सदस्यों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। CBREO अपने घोषित लक्ष्यों और उद्देश्यों के प्रति सदैव committed रहा है। मुझे विश्वास है कि यह संस्था सेवानिवृत्त बैंक कर्मचारियों के फोरम और भारतीय मजदूर संघ (BMS) से जुड़ने के कारण अपने सदस्यों के हितों की रक्षा करने में सफल रहेगा।

4. मुझे अवगत कराया गया है कि अपनी retirement के बाद बैंक के कर्मचारीगण कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं जैसे कि health insurance के प्रीमियम का भुगतान, settlement of claims and family pension related issues, 01 नवम्बर, 2012 से पहले सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को भुगतान किए जा रहे महंगाई भत्ते का संशोधन, मूल पेंशन का संशोधन आदि।

5. In this regard, I have taken up the matter with the Finance Minister and he has assured for suitable solutions to your concerned

issues. I have been informed that a Committee has been formed to resolve all the burning issues raised by the CBREO. I hope soon there will be fruitful results to your issues.

6. Friends, as we all know, the banking system plays a very significant role in the economy of a country. A sound and an effective banking system holds the key to the health of a fast growing economy like ours as it caters to the needs of extending the credit facility for all the sections of the society including the poor and the downtrodden. It also plays an important part in taking the benefits of various government schemes and subsidies directly to the citizens. Today, most of the credit-related schemes of the government to uplift the poorer and the under-privileged sections are being implemented through the banking sector.

7. Role of Bank employees in the growth and development story of the country is praiseworthy which at times does not get recognized. वे silently work करते हुए अपनी भूमिका निभाते हैं।

8. प्रधानमंत्री जन–धन योजना को सफल बनाने में आपका विशेष योगदान रहा है। About 30 crore new accounts have been opened under the Pradhan Mantri Jan Dhan Yojana. This scheme was aimed at financial inclusion of poor and marginal sections of our country and to give them self-pride. This proved to be a game changer and brought about a revolution as we have given our common and less privileged people direct entry into the banking system.

9. गांव का कोई किसान एवं साधारण व्यक्ति पहले बैंक जाने से संकोच और भय करता था, लोन लेने से डरता था क्योंकि समय पर लोन वापसी नहीं होने पर उनके घर की कुर्की–जब्ती भी हो सकती थी, जमीन छिन जाता था, ऐसे पूर्वाग्रह उनके मन में थे। पर, अब काफी बदलाव आया है। Bank Officer's role in such conditions become very important. They not only convinced and changed the mindset of common man but also guided and encouraged them towards savings.

10. बैंक अब आसानी से लोन देने लगे हैं। बैंकों और आम आदमी के बीच कड़ी का काम किसान बीमा कार्ड ने भी किया है। क्योंकि अब वे बैंकों को, और बैंक उन्हें समझने लगे है। किसानों और गरीबों को लोन देने से ये धनराशि Non-performing Assets बनने का खतरा नहीं है क्योंकि वे वापसी कर देते हैं।

11. ऐसा देखा गया है कि बड़ी–बड़ी कम्पनियों में बैंकों की बड़ी–बड़ी धनराशि Non-performing Assets बन गईं हैं। Non Performing Assets (NPA) is an issue which the government, RBI and banks have to tackle together and they are working on it. उनको वापस कैसे banking system में लाया जाए, इस विषय पर सरकार, रिजर्व बैंक और अन्य बैंक मिलकर साझा विचार–विमर्श कर रहे हैं। उम्मीद है कि उसके fruitful results अवश्य मिलेंगे।

12. अब बैंक वालों से आम जनता का खासकर गांव के लोगों के साथ एक विशेष प्रकार का सामाजिक और भावनात्मक रिश्ता बन गया है। वे उन्हें हर प्रकार के गाइडेंस, परामर्श एवं बचत की Nitty-Gritty बताते हैं। आम जनता को भी बैंक कर्मचारियों के अनुभवों से फायदा उठाना चाहिए।

13. मैंने देखा है कि कई बैंक कर्मचारी रिटायरमेंट के बाद भी financial education and financial literacy बढ़ाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्हें समाज के वित्तीय विषय मे अच्छा और गहन अनुभव होता है और मेरा मत है कि financial planning में सरकार को भी उनके अनुभवों से यथासंभव फायदा उठाना चाहिए।

14. The use of technology has brought a revolution in the working style of the banks. Nevertheless, the fundamental aspects of banking i.e. trust and the confidence of the people on the institution remain the same. Most of the banks including Canara Bank are quite successful to keep the confidence of the shareholders and stakeholders.

15. भारत के सकल सामाजिक–आर्थिक ताने–बाने में कृषि का स्थान महत्वपूर्ण है। कृषि के समग्र विकास (integrated development) को गति प्रदान करने के लिए गतिशील और निरंतर बढ़ रहे कृषि क्षेत्र को बैंकों के माध्यम से पर्याप्त funding की आवश्यकता होती है। इस दिशा में केनरा बैंक ने कृषि कार्यकलापों (Agricultural activity) हेतु किसानों को funding करने के लिए अन्य बैंकों के साथ सहयोग किया है।

16. अपनी पारंपरिक भूमिकाओं को निभाने के साथ–साथ बैंक आजकल ऐसे कार्य भी कर रहे हैं जिनके बारे में दस–बीस साल पहले सोचा भी नहीं जा सकता था कि बैंक यह कार्य भी करेंगे। वर्तमान समय में भारत के सबसे बड़े सेवा क्षेत्रों (Service sector) में बैंकिंग क्षेत्र का भी स्थान है। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) के आने के साथ ही बैंकिंग क्षेत्र की कार्य प्रणाली में काफी बदलाव आए हैं। इंटरनेट बैंकिंग, ए.टी.एम. सेवाओं, फोन बैंकिंग और इलेक्ट्रॉनिक भुगतान जैसे उपभोक्ताओं की आसानी के लिए दी जा रही सेवाओं से उपभोक्ताओं संबंधी कार्यों में कमी आई है। सरकार की विभिन्न योजनाएं जैसे DBT, Digital India Programme, Start Up India, Stand up India तथा प्रधानमंत्री जन–धन योजना के कार्यान्वयन में बैंकिंग सिस्टम की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका रही है एवं बैंक एवं बैंक कर्मचारियों ने राष्ट्रनिर्माण के इन कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

17. बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (direct benefit transfer) के साथ–साथ Digital India Programme में शामिल अनेक सेवाओं के कारण उपभोक्ता (consumers) बैंकों से जुड़ेंगे और इससे बचत करने की संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा।

इन विशेष निकायों और सार्वजनिक बैंकों के बीच साझेदारी से बैंक सूक्ष्म–ऋण और वित्तीय सेवाओं को प्रदान करने हेतु अपने नेटवर्कों का इस्तेमाल और बेहतर ढंग से कर पाएंगे।

18. मित्रो! काले धन की समस्या को समाप्त करने के अपने प्रयास के रूप में सरकार द्वारा चलाए गए Demonetization Programme के दौरान पूरे देश ने बैंकिंग क्षेत्र द्वारा किए गए महत्वपूर्ण कार्य को देखा है। मैं उन सभी बैंक अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना करती हूं जिन्होंने Demonetization की अवधि के दौरान इसे सफल बनाने के लिए काम के अत्यधिक दबाव में भी कई घंटों तक बिना थके कार्य किया। GST के आने के कारण, बैंकिंग क्षेत्र को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे नई कर व्यवस्था के लिए तैयार हैं। अधिकांश बैंकों की उपस्थिति देश के विभिन्न हिस्सों में होने के कारण GST का कार्यान्वयन सुचारू रूप से हो सकता है एवं इससे होने वाले लाभ को ज्यादातर उपभोक्ताओं तक पहुंचाया जा सकता है।

19. जब मैं कहती हूं कि बैंक हमारी वित्तीय प्रणाली की रीढ़ हैं तो इसका आशय है कि विकास के पथ पर बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े आप सब लोग समान रूप से भागीदार हैं। अपने कॅरियर के दौरान आप सबने निश्चित रूप से सराहनीय कार्य किया होगा तभी आज बैंकिंग क्षेत्र ने अपने वर्तमान उत्कृष्ट स्तर को प्राप्त किया है।

20. भारत न केवल विश्व का सबसे बड़ा एवं जीवन्त लोकतंत्र है बल्कि एक आर्थिक शक्ति के रूप में भी उभर रहा है। आशा है कि अगले पचास वर्षों में हम विश्व की दूसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बन सकते हैं। Globalization और Technology के नए दौर में भारत में असीम संभावनाएं हैं।

21. जैसाकि हम सभी जानते हैं कि बड़े पैमाने पर हुए digitization से banking sector को रफ्तार मिली है और बैंकिंग कार्य संचालन में अविश्वसनीय तेजी आई है। परिणामस्वरूप cyber security के खतरे भी बढ़े हैं। इस process में बैंकिंग ग्राहकों की privacy and security दोनों प्रभावित हो रही है। अतः, strong cyber security उपलब्ध कराना बैंकों की जिम्मेदारी है। सम्पूर्ण बैंकिंग सिस्टम में साइबर सिक्योरिटी की पुख्ता व्यवस्था करना बैंकिंग समुदाय का लक्ष्य होना चाहिए।

22. मैं आपके द्वारा की गई राष्ट्र की अमूल्य सेवा की भूरि–भूरि प्रशंसा करती हूं। विशेषकर, demonetisation के समय में रिटायर्ड कर्मचारियों ने जनहित में स्वेच्छा से अपनी जो सेवाएं दी हैं, उन पर हमें गर्व महसूस होता है। ऐसा करके वास्तव में आपने काला धन का खात्मा करने एवं उनसे निपटने में एक तरह से सरकार का सहयोग किया। यह देश हित का कार्य था जिसके लिए मैं पुनः सभी बैंक कर्मचारियों को धन्यवाद देती हूं। मुझे पूरा विश्वास है कि भविष्य में आपकी संस्था आप रिटायर्ड कर्मचारियों के हितों को संरक्षित रखने में अपनी प्रभावी भूमिका निभा सकेगी। आने वाले समय में सीबीआरईओ को और अधिक सफलता प्राप्त होगी और यह आपके जीवन को सुखमय, स्वस्थ और समृद्ध बनाने में सहायक सिद्ध होगा।

धन्यवाद।

––––